

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–01 | सोमवार, दिनांक–20 जुलाई, 2026 ई०।

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्र गीत एवं राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 11:26 बजे पूर्वा० तक।**

**[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :–**

यथा संलग्न

**[2] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :–

i. श्री राम नारायण मंडल, स०वि०स०
ii. श्री श्याम रजक, स०वि०स०
iii. श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स०
iv. श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

**[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :–

| | | |
|---|---|---|
| i. | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | सभापति |
| ii. | श्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री | सदस्य |
| iii. | श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| iv. | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| v. | श्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री, कृषि | सदस्य |
| vi. | श्री श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास | सदस्य |
| vii. | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल | सदस्य |
| viii. | श्री राजू तिवारी, सचेतक | सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा
(ii) श्री निशांत, मंत्री, स्वास्थ्य
(iii) श्री संजीव चौरसिया, मुख्य सचेतक
(iv) श्री मंजीत कुमार सिंह, उप मुख्य सचेतक

(v) श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स०
(vi) श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०
(vii) श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी, स०वि०स०
(viii) श्री माधव आनंद, स०वि०स०
(ix) श्री अरूण सिंह, स०वि०स०
(x) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(xi) श्री इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०
(xii) श्री सतीश कुमार सिंह यादव, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

**[4] औपचारिक कार्य:–**

**(i) माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रति को सभा पटल पर रखा जाना:–**

1. माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, डॉ० दिलीप जायसवाल द्वारा **बिहार कृषि भूमि (गैर कृषि प्रयोजनों के लिए सम्परिवर्तन) (निरसन) अध्यादेश, 2026** की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
2. माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा **बिहार चिकित्सा (संशोधन) अध्यादेश, 2026** की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
3. माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा **बिहार नर्सेज पंजीकरण (संशोधन) अध्यादेश, 2026** की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
4. माननीय मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा **बिहार दुकान और प्रतिष्ठान (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त्त) (निरसन) अध्यादेश, 2026** की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

**(ii) अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना:–**

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उदभूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित विधेयकों का विवरण, जिसपर माननीय राष्ट्रपति एवं माननीय राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गयी है तथा इसकी सूचना अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त हुई, को सदन पटल पर रखा गया :–

**(क) माननीय राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण**

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार सिविल न्यायालय विधेयक, 2026 | 16.06.2026 |

**(ख) माननीय राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण**

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग विधेयक, 2026 | 15.02.2026 |
| 2. | बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2026 | 02.03.2026 |
| 3. | बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2026 | 08.03.2026 |
| 4. | बिहार कर्मचारी चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2026 | 08.03.2026 |
| 5. | बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2026 | 08.03.2026 |
| 6. | बिहार सचिवालय सेवा (संशोधन) विधेयक, 2026 | 30.03.2026 |
| 7. | बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2026 | 30.03.2026 |
| 8. | बिहार जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026 | 30.03.2026 |
| 9. | बिहार निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान (नामांकन विनियमन एवं शुल्क निर्धारण) विधेयक, 2026 | 02.04.2026 |
| 10. | बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2026 | 02.04.2026 |
| 11. | बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (धन उधार विनियमन एवं प्रपीड़क कार्रवाई निवारण) विधेयक, 2026 | 03.05.2026 |

**[5] वित्तीय कार्य :–**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया।

**[6] शोक प्रकाश :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की:–

i. स्व० रामेश्वर पासवान, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
ii. स्व० बागी कुमार वर्मा, पूर्व स०वि०स०
iii. स्व० माधव लाल सिंह, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
iv. स्व० राम प्रसाद सिंह, पूर्व स०वि०प० एवं पूर्व सदस्य, लोक सभा
v. स्व० अनवर अहमद, पूर्व स०वि०प०
vi. स्व० अम्बिका सिंह, पूर्व स०वि०स०
vii. स्व० नागेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व स०वि०स०
viii. स्व० हरि राम, पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवारों के पास उनके एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–21 जुलाई, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–20.07.2026

**पूनम सिन्हा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।